भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

22.07.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 488 का उत्तर

सिंधुदुर्ग जिले के रेलवे स्टेशनों पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव

488. श्री नारायण तातू राणे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सिंधुदुर्ग जिले के रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफार्मों के सौंदर्यीकरण और शेड, शौचालयों के निर्माण, पेयजल की व्यवस्था, प्रतीक्षालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए किसी योजना का प्रस्ताव किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ओरोस और वैभववाड़ी रेलवे स्टेशनों पर टिकट बुकिंग सेवा शुरू करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार सिंधुदुर्ग जिले के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए अतिरिक्त ठहराव प्रदान कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त कार्यों को पूरा करने के लिए स्वीकृत की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): भारतीय रेल पर स्टेशनों का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण एक सतत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और इस संबंध में कार्य आवश्यकता के अनुसार, अंतर-से प्राथमिकता और धन की उपलब्धता के अध्ययधीन है। स्टेशनों की कोटि/स्थिति/यातायात संभलाई आदि के आधार पर स्टेशनों का विकास/पुनर्विकास/उन्नयन/आधुनिकीकरण किया जाता है।

स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में वृद्धि एक सतत प्रक्रिया है। सिंधुदुर्ग जिले में स्थित विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को निरंतर बढ़ाया गया है। वैभववाड़ी रोड, कणकवली, कुडाल और सावंतवाडी रोड सिंधुदुर्ग जिले के मुख्य स्टेशन हैं। पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान,

अर्थात् वर्ष 2021-22 से 2026-27 (30.06.2026 तक) तक, इन स्टेशनों पर लगभग 46.68 करोड़ रुपये की लागत वाले निम्नलिखित यात्री सुविधा संबंधी निष्पादित/शुरू किए गए हैं:-

(i) वैभववाड़ी रोड: 10 मॉड्यूलर शेल्टरों, 1 उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म, 4 जल पेडस्टल, पैदलपार पुल, शौचालयों का नवीनीकरण आदि का कार्य पूरा/चालू कर दिया गया है।

(ii) कणकवली: एसी लाउंज सुविधा, प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 का विस्तार, दिव्यांगों के अनुकूल शौचालय और बायो-शौचालय, मौजूदा शौचालयों का नवीनीकरण, वाटर कूलरों का प्रतिस्थापन, 150 मीटर का प्लेटफॉर्म शेल्टर, डिजिटल सवारी डिब्बा संकेतक बोर्ड, टीवी आधारित सूचना प्रणाली आदि का कार्य पूरा/चालू कर दिया गया है।

लिफ्ट संस्थापना और पैदल पार पुल रूफ शेल्टर निर्माण, प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर प्लेटफॉर्म शेल्टर का निर्माण और डिजिटल सवारी डिब्बा संकेतक बोर्ड के प्रावधान का कार्य शुरु किया गया है। ऊर्ध्वमुखी एस्केलेटर पहले से ही उपलब्ध है और अधोमुखी एस्केलेटर के प्रावधान का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

(iii) सिंधुदुर्ग: 05 मॉड्यूलर शेल्टरों, दिव्यांगों के अनुकूल शौचालयों, 05 जल पैडेस्टल्स, मौजूदा शौचालयों के नवीनीकरण, टीवी आधारित सूचना प्रणाली आदि का कार्य पूरा/चालू कर दिया गया है।

(iv) कुडाल: फूड कोर्ट, 26 मॉड्यूलर शेल्टरों, प्लेटफॉर्म संख्या 1 और 2 का चौड़ीकरण, बायो-टॉयलेट, मौजूदा शौचालयों का नवीनीकरण, स्टेनलेस स्टील बेंचों, टीवी आधारित सूचना प्रणाली आदि का कार्य पूरा/चालू कर दिया गया है। लिफ्ट संस्थापना और पैदलपार पुल रूफ शेल्टर के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

(v) सावंतवाडी रोड: 8 मॉड्यूलर शेल्टरों, उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म, पैदलपार पुल, डिजिटल सवारी डिब्बा संकेतक बोर्ड, 01 बायो-टॉयलेट, एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल, दिव्यांगों के अनुकूल शौचालय, स्टेनलेस स्टील बेंचों, मौजूदा शौचालयों का नवीनीकरण, टीवी आधारित सूचना प्रणाली, प्लेटफॉर्म संख्या 1 का चौड़ीकरण, नए प्लेटफॉर्म के साथ ड्राइव-इन सुविधा सहित भवन के लिए नए पहुंच मार्ग का निर्माण आदि कार्य पूरा/चालू हो गया है।

सावंतवाड़ी रोड स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर पूर्व दिशा की ओर वाले दूसरे प्रवेश द्वार पर बुकिंग कार्यालय, प्रतीक्षालय और संबद्ध सुविधाओं के निर्माण का कार्य, लिफ्ट और डिजिटल सवारी डिब्बा संकेतक बोर्ड का प्रावधान किया गया है।

सिंधुदुर्ग जिले के अन्य स्टेशनों, अर्थात् खारेपाटण रोड, आचिर्णे, नांदगांव रोड, झाराप और मडूरे में यात्री सुविधा संबंधी कार्य जैसे - मॉड्यूलर शेल्टरों, उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म का निर्माण, दिव्यांग यात्री के अनुकूल शौचालय, जल पेडस्टल का निर्माण, जल शोधन संयंत्र आदि का निर्माण कार्य भी किया गया है।

स्टेशनों पर यात्रियों की आवश्यकताओं और मांग के अनुसार, समय-समय पर यूटीएस-सह-पीआरएस बुकिंग सुविधा प्रदान की जाती है। वर्तमान में, सिंधुदुर्ग रेलवे स्टेशन (ओआरओएस) पर यूटीएस-सह-पीआरएस टिकट बुकिंग सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा, वैभववाड़ी रोड रेलवे स्टेशन पर यूटीएस टिकटिंग की सुविधा भी उपलब्ध है।

इसके अलावा, यात्री इस उद्देश्य के लिए 'रेलवन ऐप' का भी उपयोग कर सकते हैं। ऐप को एंड्रॉइड प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह ऐप यात्रियों को मोबाइल फोन पर आरक्षित और अनारक्षित टिकट बुक करने में सक्षम बनाता है। यह ऐप भारतीय रेल की सभी सार्वजनिक सेवाओं जैसे आरक्षित टिकटिंग, अनारक्षित टिकटिंग, प्लेटफॉर्म टिकटिंग, गाड़ी पूछताछ, पीएनआर पूछताछ, 'रेल मदद' आदि को एक ही प्लेटफॉर्म पर जोड़ता है। वस्तुतः यह यात्री आरक्षण प्रणाली सुविधा को यात्री की हथेली में ला देता है।

चूंकि, रेल नेटवर्क जिला सीमाओं के आर-पार फैला हुआ है, अतः नेटवर्क की आवश्यकताओं के अनुसार गाड़ियों का परिचालन और ठहराव इन सीमाओं के पार किया जाता है। हांलाकि, सिंधुदुर्ग जिले में स्थित विभिन्न स्टेशनों के यात्रियों को सुविधा पहुंचाने के लिए, निम्नलिखित रेलगाड़ियों को ठहराव प्रदान किया जाता है:

i. **दिनांक 05.11.2025 से सिंधुदुर्ग स्टेशन पर 22655/22656 एरणाकुलम-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस**
ii. **दिनांक 02.11.2025 से सिंधुदुर्ग स्टेशन पर 12977/12978 एरणाकुलम-अजमेर मरुसागर एक्सप्रेस**
iii. **दिनांक 05.11.2025 से कणकवली स्टेशन पर 22475/22476 हिसार-कोयंबटूर एक्सप्रेस**
iv. **दिनांक 07.11.2025 से कणकवली स्टेशन पर 16335/16336 गांधीधाम-नागरकोविल एक्सप्रेस**

इसके अलावा, सावंतवाड़ी रोड स्टेशन (सिंधुदुर्ग जिले में स्थित) पर 12133/12134 छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मि.)-मंगलुरु जंक्शन एक्सप्रेस, 12431/12432 तिरुवनंतपुरम सेंट्रल-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस और 12201/12202 लोकमान्य तिलक (टर्मि.)-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ गरीब रथ एक्सप्रेस को भी मंजूरी प्रदान की गई है।

सिंधुदुर्ग जिले में स्थित स्टेशनों पर रेलगाड़ियों के ठहराव का विवरण निम्नानुसार है:-

खारेपाटण रोड:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या	गाड़ी का नाम
1	10106/10105	सावंतवाडी-दिवा एक्सप्रेस

वैभववाडी रोड:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या	गाड़ी का नाम
1	10106/10105	सावंतवाडी-दिवा एक्सप्रेस
2	10104/10103	मडगांव-सीएसएमटी मांडवी एक्सप्रेस
3	20111/20112	मडगांव-सीएसएमटी कोंकण कन्या एक्सप्रेस
4	11004/11003	सावंतवाडी-दादर तुतारी एक्सप्रेस
5	19057/19058	सूरत-मैंगलुरु जंक्शन एक्सप्रेस

आचिर्णे:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या	गाड़ी का नाम
1	10106/10105	सावंतवाडी-दिवा एक्सप्रेस

नांदगांव रोड:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या	गाड़ी का नाम
1	10106/10105	सावंतवाडी-दिवा एक्सप्रेस
2	11004/11003	सावंतवाडी-दादर तुतारी एक्सप्रेस

कणकवली:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या	गाड़ी का नाम
1	10106/10105	सावंतवाडी-दिवा एक्सप्रेस
2	10104/10103	मडगांव- छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मांडवी एक्सप्रेस
3	20111/20112	मडगांव-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस कोंकण कन्या एक्सप्रेस
4	11004/11003	सावंतवाडी-दादर तुतारी एक्सप्रेस
5	12051/12052	छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-मडगांव जनशताब्दी एक्सप्रेस
6	12617/12618	एरणाकुलम-हजरत निजामुद्दीन मंगला एक्सप्रेस
7	12133/12134	छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-मैंगलुरु जंक्शन एक्सप्रेस
8	22229/22230	छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस
9	11099/11100	लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मडगांव एक्सप्रेस
10	22150/22149	पुणे-एरणाकुलम एक्सप्रेस

11	16338/16337	एरणाकुलम-ओखा एक्सप्रेस
12	10116/10115	मडगांव-बांद्रा टी. एक्सप्रेस
13	22629/22630	दादर-तिरुनेलवेलि एक्सप्रेस
14	22115/22116	लोकमान्य तिलक टर्मिनस-करमली एसी एक्सप्रेस
15	22475/22476	हिसार-कोयम्बटूर एसी एक्सप्रेस
16	16335/16336	गांधीधाम-नागरकोविल एक्सप्रेस
17	11203/11204	नागपुर-मडगांव एक्सप्रेस
18	19057/19058	सूरत-मैंगलुरु जंक्शन एक्सप्रेस

सिंधुदुर्ग:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या	गाड़ी का नाम
1	10106/10105	सावंतवाडी-दिवा एक्सप्रेस
2	10104/10103	मडगांव-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मांडवी एक्सप्रेस
3	20111/20112	मडगांव-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस कोंकण कन्या एक्सप्रेस
4	11004/11003	सावंतवाडी-दादर तुतारी एक्सप्रेस
5	22113/22114	लोकमान्य तिलक टर्मिनस-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ एक्सप्रेस
6	10116/10115	मडगांव-बांद्रा ट. एक्सप्रेस
7	22634/22633	हजरत निजामुद्दीन-तिरुवनंतपुरम एक्सप्रेस
8	19260/19259	भावनगर-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ एक्सप्रेस
9	22656/22655	हजरत निजामुद्दीन-तिरुवनंतपुरम एक्सप्रेस
10	12978/12977	अजमेर-एरणाकुलम मरूसागर एक्सप्रेस
11	19057/19058	सूरत-मंगलुरु जं. एक्सप्रेस

कुडाल:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या	गाड़ी का नाम
1	10106/10105	सावंतवाडी-दिवा एक्सप्रेस
2	10104/10103	मडगांव-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मांडवी एक्सप्रेस
3	20111/20112	मडगांव-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस कोंकण कन्या एक्सप्रेस
4	11004/11003	सावंतवाडी-दादर तुतारी एक्सप्रेस
5	12051/12052	छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-मडगांव जनशताब्दी एक्सप्रेस
6	16345/16346	लोकमान्य तिलक टर्मिनस-तिरुवनंतपुरम नेत्रावति एक्सप्रेस
7	12619/12620	लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मैंगलुरु मत्स्यगन्धा एक्सप्रेस
8	22119/22120	छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-मडगांव तेजस एक्सप्रेस
9	22414/22413	हजरत निजामुद्दीन-मडगांव राजधानी एक्सप्रेस

10	22115/22116	लोकमान्य तिलक टर्मिनस-करमली एसी एक्सप्रेस
11	20932/20931	इंदौर-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ एक्सप्रेस
12	16312/16311	तिरुवनंतपुरम नॉर्थ-श्री गंगानगर एक्सप्रेस
13	22908/22907	हापा-मडगांव एक्सप्रेस
14	16334/16333	तिरुवनंतपुरम-वेरावल एक्सप्रेस
15	19057/19058	सूरत-मैंगलुरु जं. एक्सप्रेस
16	11203/11204	नागपुर-मडगांव एक्सप्रेस

झाराप:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या	गाड़ी का नाम
1	10106/10105	सावंतवाडी-दिवा एक्सप्रेस

सांवतवाडी:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या	गाड़ी का नाम
1	50108/50107	मडगांव - सावंतवाडी पैसेंजर
2	10106/10105	सावंतवाडी-दिवा एक्सप्रेस
3	10104/10103	मडगांव- छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मांडवी एक्सप्रेस
4	20111/20112	मडगांव-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस कोंकण कन्या एक्सप्रेस
5	11004/11003	सावंतवाडी-दादर तुतारी एक्सप्रेस
6	12051/12052	छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-मडगांव जनशताब्दी एक्सप्रेस
7	11099/11100	लोकमान्य तिलक टर्मिनस-मडगांव एक्सप्रेस
8	22150/22149	पुणे-एरणाकुलम एक्सप्रेस
9	10116/10115	मडगांव-बांद्रा ट. एक्सप्रेस
10	16635/16636	गांधीधाम-नागरकोविल एक्सप्रेस
11	12742/12741	पटना-वास्को एक्सप्रेस
12	19057/19058	सूरत-मैंगलुरु जंक्शन एक्सप्रेस
13	11203/11204	नागपुर- मडगांव एक्सप्रेस

मडूरे:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या	गाड़ी का नाम
1	50108/50107	मडगांव - सावंतवाडी पैसेंजर

इसके अलावा, भारतीय रेलों पर, गाड़ी सेवाओं के ठहराव का प्रावधान एक सतत प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालन व्यवहार्यता, प्रतिस्पर्धी मांगों आदि के अध्यधीन है।

******